प्रादेशिक समाचार

दिनांक–20.10.2024 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

1. विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने 66 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की, प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी धनवार से, चंपाई सोरेन सरायकेला से और सीपी सिंह रांची से लड़ेंगे चुनाव।
2. भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल ने झारखंड में सत्ता परिवर्तन का किया दावा, कहा– जनता राज्य को लूटने वाली इंडी गठबंधन सरकार को दोबारा नहीं देगी मौका।
3. इंडी गठबंधन में सीटों का बंटवारा तय, झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन ने कहा– 70 सीटों पर झामुमो और कांग्रेस जबकि ग्यारह सीटों पर राजद और माले लड़ेंगे चुनाव।
4. झारखंड हाईकोर्ट ने मानव तस्करी से मुक्त कराए गए नाबालिग बच्चों के पुनर्वास नीति पर राज्य सरकार से मांगा जवाब ।
5. छह स्वर्ण पदक के साथ धनबाद बना खेलो झारखंड का ओवरऑल चैंपियन।

***************

भाजपा ने झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर 66 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी है। प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी धनवार सीट से चुनाव लड़ेंगे, जबकि झामुमो से भाजपा में शामिल हुए चंपाई सोरेन सरायकेला से और सीता सोरेन जामताड़ा से चुनाव लड़ेंगी। वहीं रांची विधानसभा सीट से सीपी सिंह चुनाव मैदान में उतरेंगे। हटिया से नवीन जायसवाल और कांके से जीतू चरण राम पर पार्टी ने भरोसा जताया है। पहली सूची जारी होने के बाद भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि सीटों के आधार पर प्रत्याशियों की सूची जारी कर दी गयी है। अब सभी प्रत्याशी अपने अपने क्षेत्र में डटकर काम करेंगे। वहीं चंपाई सोरेन ने कहा कि इस चुनाव में भारतीय जनता पार्टी सबसे बढ़िया प्रदर्शन करेगी।

***************

झारखंड में भाजपा के चुनाव सह प्रभारी हिमंत बिस्वा सरमा ने दावा किया कि एनडीए एक साथ चुनाव लड़ेगा और झारखंड में सरकार भी बनायेगा। उन्होंने बताया कि लोजपा के केंद्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान भी चुनाव में एनडीए के पक्ष में प्रचार करेंगे। एनडीए एक साझा घोषणा पत्र लेकर जनता के पास जाएगा। वहीं बाबूलाल मरांडी ने कहा कि इस बार सत्ता परिवर्तन होगा और झारखंड में बीजेपी की सरकार बनेगी। लोग राज्य में सरकार बदलने के लिए चुनाव का इंतजार कर रहे थे।

वहीं लोजपा के झारखंड प्रभारी अरूण भारती ने कहा कि एक दशक के बाद लोजपा झारखंड में चुनाव लड़ रही है। उन्होंने कहा कि झारखंड में गठबंधन के तहत पार्टी चतरा सीट से चुनाव लड़ रही है।

***************

झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर इंडी गठबंधन ने सीटों के बंटवारे का फार्मूला तय कर लिया है। सीटों के बंटवारे की घोषणा करते हुए झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकारी अध्यक्ष सह मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बताया कि झामुमो और कांग्रेस 70 सीटों पर मिलकर चुनाव लड़ेगी जबकि गयारह सीटों पर सहयोगी दल राजद और माले चुनाव लड़ेंगे। श्री सोरेन ने कहा कि उम्मीदवारों के नाम भी जल्द तय किये जाएंगे। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, झामुमो के 43 से 45 सीटों पर चुनाव लड़ने की संभावना है जबकि कांग्रेस 28 से 30 सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारेगी।

इधर प्रदेश कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने कहा कि सीट शेयरिंग लगभग पूरी हो गयी है। पार्टी उम्मीदवारों के नाम का जल्द ऐलान करेगी। इधर राष्ट्रीय जनता दल के नेता मनोज झा ने इंडी गठबंधन की सीट शेयरिंग फार्मूले पर आपत्ति जतायी है। उन्होंने कहा कि राजद नेताओं से बातचीत किये बिना सीटों का बंटवारा कर लिया गया।

******************************

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने बताया कि विधानसभा चुनाव के दौरान नकद 50 हजार रुपये लेकर चलने पर कोई पाबंदी नहीं है जबकि 50 हजार से 10 लाख रुपये तक नकद लेकर चलने पर उसे जब्त किया जायेगा। जब्त राशि की डीडीसी की कमिटी जांच करेगी। अगर जब्त रूपये चुनाव कार्यों से जुड़े मिले, तो कानूनी कार्रवाई होगी। जांच टीम अगर आश्वस्त होती है कि राशि वैध है, तो उसे संबंधित व्यक्ति को सौंप देगी। दस लाख से ऊपर की जब्त राशि के मामले को आयकर विभाग देखेगा। इधर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने बताया कि प्रथम चरण के नामांकन के दूसरे दिन सिर्फ एक उम्मीदवार ने हटिया से पर्चा दाखिल किया है। अब तक कुल चार प्रत्याशियों ने नामांकन किया है।

***************

प्रदेश भाजपा ने राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार से जेएसएससी–सीजीएल के अंतिम परीक्षा फल प्रकाशन पर रोक लगाने की मांग की है। इस संबंध में पार्टी के विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सुधीर श्रीवास्तव ने कहा कि विधानसभा चुनाव 2024 की घोषणा हो चुकी है। राज्य में आदर्श आचार संहिता लागू है। वहीं नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने भी जारी रिजल्ट प्रकाशन को लेकर आपत्ति जताई है।

***************

झारखंड हाईकोर्ट ने मानव तस्करी से मुक्त कराए गए नाबालिग बच्चों के पुनर्वास पर राज्य सरकार से जवाब मांगा है। अदालत ने यह बताने को कहा है कि ऐसे बच्चों के पुनर्वास की सरकार के पास नीति है या नहीं। ऐसे बच्चों का पुनर्वास कैसे किया जा रहा है। अदालत ने इस संबंध में 13 नवंबर तक सरकार को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। गौरतलब है कि मानव तस्करी की शिकार एक लड़की के अब तक बरामद नहीं होने को लेकर दायर याचिका की सुनवाई करते हुए अदालत ने यह निर्देश दिया है।

***************

विधानसभा चुनाव की घोषणा होने के साथ ही पश्चिमी सिंहभूम जिले में स्वीप कोषांग की गतिविधियां भी तेज हो गई हैं।

***************

एस. जी. एफ. आई राज्यस्तरीय खेलो झारखंड 2024–25 प्रतियोगिता में धनबाद की टीम ओवरआल चैंपियन बनी। इस प्रतियोगिता में राज्य के 2500 से अधिक प्रतिभागी शामिल हुए। प्रतियोगिता में धनबाद को कुल छह स्वर्ण पदक मिले, रांची को 4 और गुमला को तीन स्वर्ण पदक मिले।

***************

और अब अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा की पहली सूची जारी होने की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने लिखा है– रांची से सीपी, कांके से जीतू और हटिया से नवीन को टिकट।

प्रभात खबर ने होटवार जेल में बंद उग्रवादियों और गैंगस्टरों की ओर से जज की हत्या की योजना बनाने की खबर को पहले पेज पर जगह दी है।

दैनिक भास्कर ने इंडी गठबंधन में सीटों के बंटवारे पर लिखा है– झामुमो–कांग्रेस ने आपस में बांट ली 70 सीटें, राजद रूठा।

दैनिक जागरण ने लिखा है– चुनाव आयोग ने झारखंड के डीजीपी को हटाया, अजय कुमार सिंह को मिला प्रभार।

अंग्रेजी अखबार द टाइम्स आफ इंडिया ने बस्तर में आइटीबीपी के दो जवानों के आइ इ डी ब्लास्ट में शहीद होने की खबर को पहले पेज पर जगह दी है।

***************